www.a2zpapers.com

Exam. Code : 103206
Subject Code : 1213

B.A./B.Sc. Semester—VI

HINDI ELECTIVE

(लघु विधाएं, रीतिकाल, आधुनिक काल तथा शब्दानुवाद)

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—100

नोट : यह प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है।

खण्ड—एक

1. निम्नलिखित का निर्देशानुसार अनुवाद कीजिये :

अंग्रेजी से हिन्दी :

Unclassified, Discretion, Custody, Appendix, Geological Survey Ledger, Hydrological Data, Insignificant, Accuse, Bail.

हिन्दी से अंग्रेजी :

शरणार्थी, मरणोत्तर, विकेन्द्रीकरण, टीकाकार, छात्रावास, संरक्षण, सभा भवन, हस्तकला शिक्षण, एकरूपता, कर्मचारी तंत्र।

अथवा

(1) रीतिकाल को शृंगारकाल किसने कहा और क्यों ?

(2) रीतिसिद्ध काव्य की कोई दो विशेषताएं लिखिये।

(3) द्विवेदी युग पर प्रकाश डालिये।

(4) प्रयोगवाद से आप क्या समझते हैं ?

(5) तारसप्तक का परिचय दीजिये।

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

(6) हिन्दी उपन्यास के विकास पर प्रकाश डालिये।

(7) आधुनिक काल को गद्य काल क्यों कहा जाता है ?

(8) छायावाद की परिभाषा दीजिये।

(9) छायावाद की विशेषताओं पर प्रकाश डालिये।

(10) केशव के विषय में आप क्या जानते हैं ? 10×2=20

खण्ड—दो

नोट :— यह खण्ड दो उपखण्डों में विभाजित है। निर्देशानुसार उत्तर दीजिये।

उपखण्ड—अ

निम्नलिखित किन्हीं चार के उत्तर दीजिये।

1. मानव-चरित्र में जो कुछ भी सुंदर और मानवोचित्त तत्त्व है, उसी के उद्घाटन की दृष्टि से मैं अपनी कथावस्तु का निर्माण करता हूँ। यह कार्य अत्यन्त रहस्यमय है क्योंकि कभी इसकी प्रेरणा मुझे किसी व्यक्ति से मिलती है, कभी किसी घटना से और कभी किसी स्वपन से। लेकिन मैं अपनी कहानी का आधार मनोविज्ञान ही रखता हूँ। मित्रों के सुझावों से लाभ उठाने के लिए मैं सदा तैयार रहता हूँ।

2. राजनीतिक पार्टी के संबंध में मेरा विश्वास है कि मनुष्य को उसका चुनाव उसी प्रकार करना चाहिए जैसे वर-वधू का चुनाव किया जाता है। चुनाव से पहले खूब सोच विचार कर लेना चाहिए। परंतु एक बार चुनाव हो जाने पर जहां तक संभव हो, तलाक न होना चाहिए। मैंने राजनीति में कांग्रेस को प्रारंभ से ही अपना लिया था और अब तक उसी में हूँ।

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

3. आप ही इंसाफ कीजिये कि यदि भगवान ने छप्पर फाड़ने का कष्ट उठाये बिना ही मेरा घरबार भर दिया इसमें मेरा क्या दोष है ? सच पूछो तो छप्पर डलवाने में यही राज़ था कि भगवान की लाज भी रह जाए और भगत की बात भी बन जाए। कल को भगवान को भी कोई कुन्बापरवरी के अपराध में चार्ज-शीट न कर दे। मगर मैं इतना सस्ते कैसे छूट जाता।

4. 'है कुछ ऐसी बात जो चुप हूँ' — रिपोर्ताज का महत्त्वांकन कीजिये।

5. 'जी चाहता है आत्महत्या कर लूँ' व्यंग्य का सार समझाइये।

6. 'आपने मेरी रचना पढ़ी' ललित निबंध का सार लिखिये।

उपखण्ड—आ

निम्नलिखित किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिये।

1. घनानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिये।

2. रीतिकाल की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिये।

3. प्रगतिवाद की विशेषताएं लिखिये।

4. कहानी के विकास को स्पष्ट कीजिये।

5. हिन्दी आलोचना में शुक्ल जी का स्थान बताइये।

6. भारतेन्दु युग पर प्रकाश डालिये। **6×8=48**

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

खण्ड—तीन

किन्हीं दो प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिये।

1. रीतिकाल के नामकरण पर सारगर्भित ढंग से विचार कीजिये।

अथवा

नई कविता से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट करते हुए नई कविता की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिये।

2. संस्मरण पर प्रकाश डालते हुए 'सर पर कफ़न लपेटे कातिल को ढूंढते हैं' का विश्लेषण कीजिये।

अथवा

आत्मकथा को स्पष्ट करत हुए पाठ्यक्रम में निर्धारित आत्मकथा पर प्रकाश डालिये। 16×2=32

www.a2zpapers.com
www.a2zpapers.com